दैनिक जागरण
21/12/2022

# संगीत में रियाज का बहुत महत्व : महुआ मुखर्जी

**अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के संगीत विभाग द्वारा डा .चंद्रपाल पूनिया के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कालेज में शैक्षणिक भ्रमण किया। डा . चंद्रपाल ने बताया कि इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय संगीत गायिका महुआ मुखर्जी के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उनके साथ अमेरिका से आई उनकी शिष्य कारमिन (कलावती) भी उपस्थित रहीं व तबले पर संगत ओम मिश्रा ने की। कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय संस्था स्पिक मैके द्वारा किया गया, जिसमें जीएमएन कालेज के संगीत विभाग के शिक्षकों के साथ पांच विद्यार्थियों गुरजोत, गुरसीमर , रमन, हर्ष व करन ने अंतरराष्ट्रीय गायिका महुआ मुखर्जी व उनकी शिष्या कारमिन से वार्तालाप की। महुआ मुखर्जी ने रियाज के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया।